## न्यूज कार्नर

### अवैध शराब के खिलाफ किया प्रदर्शन



**जागरण, हरदा।** जिले में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में सोमवार को आदिवासी संगठनों ने प्रदर्शन किया। संगठनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के उत्पादन, परिवहन और बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। आदिवासी संगठन से जुड़े जयकुमार उइके ने बताया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है। प्रशासन की सीमित कार्रवाई का शराब माफिया पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, जिससे गांवों में खुलेआम शराब की सप्लाई जारी है।

### बालक-कन्या स्कूल का किया निरीक्षण



**जागरण, रहटगांव।** एकीकृत शासकीय काशीबाई पालीवाल कन्या एवं बालक शाला का आकस्मिक निरीक्षण बीईओ शशांक पालीवाल, विजय सिंह भिलाला द्वारा किया गया। इस दौरान कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं के छात्र-छात्राओं से चर्चा एवं कॉपियां भी चेक की। पालीवाल द्वारा बताया गया कि 10वीं, 12वीं का रिजल्ट पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और सुधारें एवं पढ़ाई का स्तर बढ़ाने हेतु टिमरनी ब्लॉक की शालाओं में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बिना जानकारी के 12.00 बजे बाद अनुपस्थित रहने वालों को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा एवं उचित कार्रवाई की जावेगी। दीवारों एवं छतों पर मकड़ी के जालों को देखकर स्टाफ एवं सफाई कर्मियों को निर्देश दिये। पीने के पानी के लिए आरओ लगाने की बात कही। इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### रामेश्वर कुंड पर होगा विराट दीपयज्ञ व पंचकुंडीय महायज्ञ

**जागरण, खंडवा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में रामेश्वर कुंडए खंडवा में विराट दीपयज्ञ, दंपत्ति शिविर एवं पंचकुंडीय यज्ञ संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजकों के अनुसार यह पवित्र आयोजन उस ऐतिहासिक स्थल पर हो रहा हैए जहां युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा मां गायत्री की स्थापना की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत 2 जनवरी 2026 शुक्रवार को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा से होगी। इसी दिन सायं 7:30 बजे विराट दीपयज्ञ एवं दंपत्ति शिविर आयोजित किया जाएगा। 3 जनवरी 2026 शनिवार को प्रातः 9 बजे पंचकुंडीय महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव संपन्न होगा, जिसके पश्चात दोपहर 1 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### जमींदोज इमारत जांच के मामले में दल गठित

**जागरण, खंडवा।** खण्डवा शहर के पड़ावा क्षेत्र में दिलीप जैन नर्सिंग होम के पीछे भैरोतालाब वार्ड में हो रहे अवैध निर्माण की नींव की खुदाई के दौरान भूस्खलन से वहीं पास में स्थित दो मंजिला इमारत चावला कॉम्पलेक्स गत दिनों जमींदोज हो गई थी। इस घटना की तकनीकी रूप से विस्तृत जांच के लिए कलेक्टर ऋषव ने अधिकारियों का दल गठित किया है। इस जांच दल में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नरेन्द्र मण्डलाई, उप संचा. नगर एवं ग्राम निवेश श्रीमती कविता नागर, प्रभारी कार्यपालन यंत्री नपानि खण्डवा राधेश्याम उपाध्याय, खण्डवा मनीष झीले को शामिल किया गया है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

सिलवानी। ग्राम उचेरा जमुनिया में सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को मंदिर परिसर से बैंड-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कन्याएं एवं महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा प्रारंभ की।

---

### ट्रैक्टर को कट मारा, अनियंत्रित होकर बाउंड्रीवाल में घुसा पुलिस वाहन

# नशे में खाकी: हमारी भी लाइफ है, पी ली तो क्या हुआ, वीडियो वायरल

**जागरण, हरदा।** नए साल से पहले नशे के खिलाफ सख्ती के दावों के बीच पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। नर्मदापुरम से हरदा बैरिकेट्स लेकर लौट रहा एक हवलदार नशे में इस कदर धुत था, कि पहले तो उसने सड़क पर चल रहे ट्रैक्टर को कट मारकर बचाया और फिर सीधा एक मकान की बाउंड्री में जा घुसा। गनीमत यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

#### वीडियो बना लो...अब तो सस्पेंड हो गया

घटना के बाद नशे में चूर हवलदार की हालत इतनी खराब थी कि वह वाहन से उतरने के लिए खुद खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। उसे स्टेयरिंग छोड़ने और नीचे उतरने के लिए रस्सी का सहारा लेना पड़ा। नीचे उतरते ही उसके पैर लड़खड़ाने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो हवलदार ने बेपरवाह अंदाज में कहा-हमारी भी लाइफ है, पी ली तो क्या हुआ।

इतना ही नहीं वीडियो बनाने की बात सुनते ही उसने खुद पर तंज कसते हुए कहा अब तो सस्पेंड के आर्डर आ ही जाएंगे। इसके बाद वह सड़क पर ही नशे की हालत में डांस करने लगा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इधर ट्रैक्टर



चालक ने पूरे घटनाक्रम की शिकायत डायल 112 पर की। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हवलदार को टिमरनी जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया।

#### लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज

मामले की पुष्टि करते हुए एएसआई अमित मिश्रा ने बताया कि संबंधित हवलदार नर्मदापुरम से हरदा बैरिकेट्स लेकर लौट रहा था। नशे की हालत में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसने ट्रैक्टर चालक को कट मारा, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर एक मकान की बाउंड्री से टकरा गया। इस मामले में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही नर्मदापुरम के वरिष्ठ अधिकारियों को विभागीय जांच के लिए पत्र लिखा गया है।

#### वर्दी की गरिमा और जिम्मेदारी पर उठ रहे सवाल

एएसआई मिश्रा ने कहा कि नए साल को देखते हुए नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के ढाबों और सड़कों पर वाहन चेकिंग के जरिए नशे में वाहन चलाने वालों की सघन जांच की जा रही है। हालांकि सवाल यह है कि जब नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाली पुलिस का ही एक जिम्मेदार कर्मचारी इस तरह सड़क पर नशे में तमाशा करता नजर आए, तो आम लोगों को क्या संदेश जाएगा। वर्दी की गरिमा और जिम्मेदारी पर यह घटना गहरा सवाल छोड़ गई है।

---

# प्लास्टिक मुक्त आयोजन बना पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

### केशव बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न



**जागरण, टिमरनी।** केशव बस्ती में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन उत्साह, अनुशासन और सामाजिक चेतना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता समाज सेवी व कुर्मी समाज के अध्यक्ष, वकील भरत चौहान ने की। मुख्य अतिथि रहटगांव से पधारे संत सियाराम बाबा रहे। मुख्य वक्ता प्रशांत मालवीय जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरदा ने समाज को दिशा देने वाला मार्गदर्शन प्रदान किया। सम्मेलन में केशव बस्ती के 2500 से अधिक बंधु-भगिनी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरदा जिला प्रचारक प्रशांत ने अपने उद्बोधन में आरएसएस के पाँच परिवर्तन विषयों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना, नागरिक कर्तव्य और पारिवारिक प्रबोधन जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि संगठित हिंदू शक्ति से ही भारत पुनःभव्य बनेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आज परिवार में हिंदू संस्कृति को बनाए रखने के लिए विशेष प्रयत्न करना पड़ेगा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पूरा आयोजन प्लास्टिक मुक्त रखा गया। भोजन व्यवस्था में इको फ्रेंडली पत्तल एवं गिलास का उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया गया और यह पहल उपस्थित जनसमूह के बीच विशेष सराहना का विषय बनी। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा संयुक्त परिवार संरचना को अभी तक संजोए रखने वाला परिवार जिनकी चार पीढ़ियां आज भी एक छत के नीचे रह रही है, ऐसे संदीप रवि प्रकाश सिंहल परिवार का सम्मान मंच से किया गया। साथ ही टिमरनी के गौ भक्त मनोज संसारी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष सोनकिया एवं डॉ प्रणय शर्मा व डॉ विवेक भुस्कुटे ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आयोजन के संयोजक दीपक सिम्पी द्वारा किया गया।

---

# चायनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आमजन के सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में चायनीज मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि जिले के मैदानी प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी चायनीज मांझे का उपयोग न हो और न ही इससे कोई दुर्घटना घटित हो। बैठक में उन्होने सडक निर्माण से जुडे विभागों को सडकों की आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सडकें किसी भी विभाग अंतर्गत हो, उनमें गड्ढें नहीं होना चाहिए। यथा समय सभी सडकों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। कृषि उपज मण्डी हरदा में डिस्प्ले बोर्ड बंद होने की शिकायत पर कलेक्टर ने तत्काल डिस्प्ले बोर्ड चालू कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी बिना उचित अनुज्ञा के भवनों का निर्माण न हो। यदि किसी स्थान पर नियम विरूद्ध भवन निर्माण किया जा रहा है तो इस तरह के निर्माण को तत्काल तुडवाया जाए। बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ की प्रगति, अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों के भ्रमण की जानकारी परख एप पर दर्ज करने एवं पटवारियों के ग्राम पंचायतों में बैठने के दिनों की सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से सम्पन्न कराया जाए। ग्राम पंचायतों द्वारा जलकर एवं अन्य करों की वसूली में प्रगति लाने के भी बैठक में निर्देश दिये गये। बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

---

# बाल रूप धरे कृष्ण की झलक पाने की अभिलाषा से महिलाओं में लगी होड़

**जागरण, टिमरनी।** कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने, उसकी क्रूरता समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए रोहिणी नक्षत्र मध्यरात्रि में मथुरा के कारागार में कृष्ण का जन्म हुआ। जहाँ उनकी माता देवकी और पिता वासुदेव कंस के कैदी थे। जन्म के बाद दिव्य रूप से वे यमुना पार कर नन्द बाबा के घर पहुँचे और यशोदा के पुत्री से बदल दिए गए। यह जन्म बुराई पर अच्छाई की विजय और आध्यात्मिक मार्ग का प्रतीक है। इस आशय के कथन पंडित आचार्य श्री नारायण साकल्ले ने कहे। वे भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुना रहे थे। उन्होंने कहा कंस के अत्याचारों को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में जन्म लिया। जन्म लेते ही दिव्य शक्तियों के प्रभाव से कारागार के द्वार खुल गए, पहरेदार सो गए और बेड़ियाँ टूट गईं। वसुदेव भगवान के निर्देशानुसार शिशु कृष्ण को एक टोकरी में लेकर यमुना पार कर गोकुल पहुँचे। उन्होंने वहाँ नन्द बाबा और यशोदा के घर नवजात कन्या से कृष्ण को बदल दिया और कन्या को वापस मथुरा ले आए, ताकि कंस को धोखा दिया जा



सके। कृष्ण जन्म के उत्सव को मनाने के लिए मैरिज गार्डन को सजा कर मिनी गोकुल बना दिया गया था। कारागार में कृष्ण जन्म के बाद वासुदेव यमुना को पार करने का दृश्य की सजीव प्रस्तुति दी गई। वासुदेव का रूप धरे संजीव बलवटे ने दर्शकों को द्वापर युग में पहुंचा दिया। टोकरी व पलने में बाल रूप कृष्ण की एक झलक पाने और समीप से देखने के लिए महिलाओं में होड लगी रही।

---

# सांसद खेल महोत्सव में 600 से अधिक खिलाड़ियों को दिए पुरस्कार



**जागरण, खंडवा।** खंडवा सांसद के ज्ञानेश्वर पाटिल के मार्गदर्शन में खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सुराणा के साथ ही विधानसभा प्रभारीयो के सानिध्य में पूरे लोकसभा क्षेत्र में लगभग 2 लाख खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराकर इस खेल महोत्सव में अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया और विजेता खिलाड़ियों ने पुरस्कार प्राप्त किये। सांसद सांसद खेल महोत्सव खंडवा संसदीय क्षेत्र के समापन कार्यक्रम में 600 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए। जिला मुख्यालय खंडवा किशोर सभागृह में शानदार समापन आयोजन में सांसद पाटिल ,कलेक्टर ऋषव गुप्ता, विधायक कंचन तंनवे, छाया मोरे, महापौर अमृता यादव, राजपाल तोमर,प्रवक्ता सुनील जैन, मुकेश तंनवे, परमजीत सिंह नारंग की उपस्थिति में गरिमामय आयोजन हुआ। लोकसभा क्षेत्र में 450 से अधिक स्थान पर भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सहभागिता के प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा भेंट किए गए।

---


### चक्काजाम के चलते लोगों को हुई परेशानी, यात्री बसों में बैठे यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार

# धान के सही दाम को लेकर किसानों का उग्र प्रदर्शन, भोपाल-सागर तिराहे पर चक्काजाम

जागरण, रायसेन

मंडी में धान के सही दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए पहले मंडी गेट के सामने और उसके बाद भोपाल-सागर तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। किसानों के इस उग्र आंदोलन के कारण करीब तीन घंटे तक इस प्रमुख मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों से तिराहे के तीनों मार्गों को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया, ताकि कोई भी वाहन निकल न सके। इससे भोपाल, सागर सहित आसपास के क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोगों में स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल थे। सवारी बसों और निजी वाहनों में बैठे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। हालांकि, किसानों ने मानवीय पहल दिखाते हुए एम्बुलेंस को निकलने का रास्ता दिया। इससे पहले किसानों ने मंडी गेट के सामने ट्रालियां लगाकर रास्ता रोका था, लेकिन जब वहां उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ तो सभी किसान एकजुट होकर



भोपाल-सागर मार्ग पर पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन व व्यापारियों के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया।

#### किसानों ने की कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

किसानों का कहना है कि पिछले दिनों मंडी में धान का रेट करीब 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल था, लेकिन सोमवार को अचानक रेट गिरकर 3200 से 3600 रुपये के बीच खरीदी की जा रही थी। इतनी बड़ी गिरावट से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी को लेकर किसानों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर धान के दाम बढ़ाने की मांग की।

#### तीन घंटे से अधिक चला चक्काजाम, लोग परेशान

सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन दोपहर तक चलता रहा। मौके पर स्थिति संभालने के लिए एसडीएम, एडिशनल एसपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य आला अधिकारी पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत और समझाइश के बाद प्रशासन व व्यापारियों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद धान का रेट 3700 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया। इसके बाद किसान नीलामी स्थल दशहरा मैदान पहुंचे और अपनी धान की बिक्री शुरू की।

---

**विधायक छाया मोरे और सांसद की पहल**

### पंधाना क्षेत्र की रेल व यातायात समस्याओं पर भुसावल डीआरएम ने दिया सकारात्मक आश्वासन

# पंधाना क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत,कोरोना काल से बंद पड़े तीन स्टॉपेज को फिर शुरू करने की मांग

**जागरण, खंडवा।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र की वर्षों पुरानी रेल एवं आवागमन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे और खंडवा सांसद पाटिल की संयुक्त एवं सशक्त पहल अब रंग लाती दिखाई दे रही है। क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर दोनों जनप्रतिनिधियों ने न केवल पत्राचार किया, बल्कि भुसावल मंडल स्तर पर सीधे मुद्दों को मजबूती से रखा। सोमवार को भुसावल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित मंडल स्तरीय रेलवे बोर्ड की बैठक के दौरान विधायक छाया मोरे एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा डीआरएम पुनीत अग्रवाल को मांग पत्र सौंपकर पंधाना क्षेत्र की प्रमुख रेल व यातायात समस्याओं से अवगत कराया गया।



#### डीआरएम ने दोनों जनप्रतिनिधियों को दिलाया भरोसा

बैठक के दौरान डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने दोनों जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि नए वर्ष से जिन रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनें नहीं रुक रही हैं, वहां स्टॉपेज पुनः प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे अंडर पास एवं ओवर ब्रिज के निर्माण को लेकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का भरोसा भी दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में भुसावल रेल मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

#### स्टॉपेज बंद होने से हजारों लोगों को हो रही असुविधा-

विधायक छाया मोरे ने भुसावल/कटनी रेलखंड पर संचालित साधारण यात्री गाड़ियों के बगमार, कोहदड़ एवं डोंगरगांव रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल में बंद किए गए स्टॉपेज को तत्काल पुनः प्रारंभ करने की मांग प्रमुखता से रखी। उन्होंने बताया कि इन स्टेशनों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण,छात्र, कृषक, श्रमिक एवं व्यापारी वर्ग यात्रा करता है, लेकिन स्टॉपेज बंद होने से लोगों को महंगे व असुविधाजनक वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

#### पुरानी पुलिया पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग रखी

वहीं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कोहदड़ स्टेशन एवं डोंगरगांव के बीच स्थित पुरानी पुलिया पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज निर्माण का मामला मजबूती से उठाया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से लगभग 30 गांवों के लोगों का रोजाना आवागमन होता है। बारिश के दिनों में पुलिया जलमग्न हो जाने से रास्ता बंद हो जाता है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है, जो गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता है।

---

### पीएम मोदी के मन की बात.. 129 वां एपिसोड को बूथों पर सूना

# भारत नई उम्मीदों और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार: मोदी

**जागरण, खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129 में एपिसोड को खंडवा जिलाअध्यक्ष ने ग्राम देशगांव के बूथ क्रमांक 31 पर अमर यादव, सुनील जैन एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना और पार्टी के कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुरहानपुर विधानसभा के महाजन कॉलोनी के बूथ क्रमांक 62 में पार्टी कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम हम सभी को प्रेरणा देने के साथ-साथ जागरूक भी करता है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि भारत नई उम्मीदों और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ भूत क्रमांक 105 ग्राम लोहारी मे ग्राम वासियों के साथ जमीन की जाजम पर बैठकर सुना। खंडवा महापौर अमृता अमर यादव ने भी कल्यानगंज वार्ड में स्थित अपने निवास कार्यालय में मंडल अध्यक्ष स्नेहा पाराशर एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मां की बात कार्यक्रम सुना।





## न्यूज कार्नर

### खाद लेकर जा रहा ट्रक पलटा, ड्राइवर की मौत



मुलताई जागरण।

नेशनल हाईवे छिंदवाडा रोड पर लावाघोघरी की पास खाद लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है। जिससे ट्रक चालक की केबिन में फसने से मौत ही गई। बताया जाता है सोमवार सुबह 7 बजे मुलताई से छिंदवाड़ा की ओर खाद की बोरिया लेकर जा रहा एक ट्रक छिंदवाडा हाईवे पर लावाघोगरी की समीप टर्निंग में अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक का चालक वाला केबिन टूट कर अलग फ़िका गया। दुर्घटना में केबिन में दबने से चालक आशीष पिता नामदेव आजबले 29 साल निवासी वेल्तूर तहसील कुही जिला नागपुर महाराष्ट्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना लावाघोघरी से पुलिस बल घटनास्थल पहुंचा। पुलिस द्वारा मौके पर क्रेन बुलाकर केबिन को गैस कटर से काटकर 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक का शव बाहर निकाला।

### बिना मंडी टैक्स चुकाए जा रहा ट्रक पकड़ाया

**मुलताई।** कृषि उपज मंडी की अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा बिना मंडी शुल्क जमा किए बिना क्षेत्र से गुड़ भरकर गुजरात के राजकोट जा रहे ट्रक को जप्त मंडी परिसर में खड़ा करवाया है।गौरतलब है की क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गुड़ का उत्पादन होता है. जिससे कई ट्रक गुड़ लेकर गुजरात जाते है।रविवार को मंडी सचिव शीला खातरकर को सूचना मिली कि परमंडल की ओर से एक ट्रक गुड़ लेकर आ रहा है।सूचना मिलने पर मंडी सचिव शीला ख़ातरकर के निर्देश पर मंडी उप निरीक्षक चंपा तुमडाम एवं मंडी कर्मचारी सुमित काकड़े परमंडल अंडर ब्रिज के पास पहुंचे एवं गुड़ से भरा एक 14 चक्का ट्रक को रोककर जांच की।

# ठेकेदार कर रहा खुली मनमानी फिर भी कलेक्टर, एसपी और डीईओ मौन

## महंगी शराब से लेकर गांव-गांव अवैध दुकानें चलवाई जा रही

**बैतूल जागरण।**

बैतूल जिले में शराब ठेकेदारों ने सिंडीकेट बना रखा है और इनके सामने पूरा प्रशासनिक सिस्टम नतमस्तक नजर आता है। स्थिति यह है कि शराब ठेकेदार ने गांव-गांव अवैध दुकानें खुलवा रखी है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग इन दुकानों की खुली अनदेखी करते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में किराना दुकान, पान की दुकान, चाय की दुकान, होटल पर शराब ठेकेदार के लोग गाड़ियों से शराब पहुंचा रहे हैं। भीमपुर क्षेत्र में तो गाड़ियों से शराब पहुंचाने के कई बार मामले सामने आए, लेकिन इसके बाद भी ठेकेदार की इस अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग ने कभी कोई कार्रवाई नहीं की। सामान्य तौर पर आबकारी और पुलिस विभाग वहीं पर दबिश देकर धरपकड़ करता है, जिसका इशारा ठेकेदार से मिलता है और ऐसे दबिश के दौरान ठेकेदार के गुर्गे भी सबसे आगे-आगे एक्शन में दिखते हैं। वहीं दूसरी ओर बैतूल जिले में शराब एमआरपी से ज्यादा में बेची जा रही है। इसके लिए तो बकायदा सीएम हेल्पलाइन पर दर्जनों शिकायतें हुई है, लेकिन इन शिकायतों पर कोई एक्शन नहीं हुआ। पत्रकार आनंद सोनी ने बताया कि उन्होंने स्वंय अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बिना संतुष्टि पूर्वक निराकरण किए आबकारी विभाग ने शिकायत ही बंद कर दी। उनका आरोप है कि वर्तमान आबकारी अधिकारी बैतूल कलेक्टर के प्रिय अधिकारियों में शामिल हैं, इसलिए उनकी भी खुली मनमानी चल रही है। कलेक्टर आबकारी अधिकारी के खिलाफ शिकायत सुनना भी पसंद नही करते हैं।

### आबकारी की टीम के साथ शराब ठेकेदार के गुर्गे ढाबों में दबिश देते नजर आ रहे

#### शराब ठेकेदार के अवैध कामों को लेकर कार्रवाई से बच रही पुलिस-आबकारी



सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध शराब भट्टी पुलिस और आबकारी ने पकड़ी, लेकिन शराब ठेकेदार की गांव गांव की खुली अवैध दुकानों को किया जा रहा नजर अंदाज

### पाथाखेड़ा की वन भूमि पर चल रही अवैध शराब दुकान

पाथाखेड़ा में जो शराब दुकान हैं उसको लेकर पूर्व से यह बात उठते रही है कि यह वन भूमि पर बनी शराब दुकान है। इसके लिए किसी भी तरह की कोई वैधानिक अनुमति नहीं है। पूर्व में वन भूमि पर शराब दुकान चलान को लेकर सारणी के वन विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण भी बनाया था। पूर्व में कई बार यहां से शराब दुकान हटाए जाने के नोटिस दिए गए, लेकिन शराब दुकान को नहीं हटाया गया। इसी तरह बैतूल शहर में सदर बैतूल में बैल बाजार की शराब दुकान को लेकर भी तकनीकी खामी है और इसे दुकान का संचालन बंद किए जाने को लेकर शासन स्तर पर पत्राचार भी हुआ था। बावजूद यह दुकान भी जिला प्रशासन द्वारा बंद नहीं करवाई जा रही है। यह सब बताता है कि ठेकेदार को किस तरह से संरक्षण है।

# 4 चोरियों को अंजाम देने वाला शातिर चोर 4 लाख रुपए के सामान सहित गिरफ्तार

**मुलताई / जागरण ।** नगर में हुई चोरी की 4 घटनाओ को अंजाम देने वाले वाले चोरी के आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर 4 लाख रुपए का सामान जप्त किया है।



**प्रकरण 1.** टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया फरियादी राहुल पिता कृष्ण कांत भावसार उम्र 42 साल निवासी पटेल वार्ड मुलताई ने थने में रिपोर्ट लिखाई थी कि बीते 19 दिसम्बर 2025 को वह पल्सर बाइक एमपी 48 एमडब्लू 9186 से ताप्ती मेला घूमने गया था मेला घूमकर बाइक लेने आया देखा तो मेरी बाइक नही थी। मेरी पुरानी इस्तमाली बाइक की कीमत करीबन 1 लाख 10 हजार रूपये होगी ।

**प्रकरण 2-** फरियादी सुनील पिता जयसिंह गन्नारे उम्र 38 साल निवासी ग्राम पारेगांव ने थाने में रिपोर्ट किया कि 18 दिसम्बर 2025 को वह अपनी सीडी डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 48 एमडी 3500 से ताप्ती मेला मुलताई घूमने आया मेला घूमने के बाद शाम करीबन 6.30 बजे जहाँ उसने बाइक खडी किया था वहाँ गया तो बाइक नही थी,पुरानी इस्तमाली होण्डा सी.द्यडी.डिलक्स मोटर सायकल की कीमत करीबन 40 हजार रूपये होगी।

**प्रकरण 3-** फरियादी अनिल भादे पिता स्व.कुंडलिक भादे उम्र 35 वर्ष निवासी संतरा मंडी ताप्ती वार्ड मुलताई थाना मुलताई ने रिपोर्ट किया की दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को पडोसी मिलिन्द खातरकर ने सुबह करीब 8 बजे मोबाईल फोन से बताया की आपके घर के सामने के गेट का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर अपने परिवार सहित वापस घर आया तो मैने देखा कि घर के सामने के गेट का ताला टूटा हुआ था। मैने अपने घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात की तलाश रखे हुए स्थान पर की तो मेरे घर मे रखे पुराने एवं इस्तेमाली सोने चांदी के जेवरात सोने का मंगल सुत्र, 1 सोने की अंगुठी, चांदी की पायल, कान के झुमके सोने के, नथ सोने की, मनी वाली मनगठी, हाय सोना का, 2 पायल चांदी की, पैर के जोडवे चांदी के नही थे।

**प्रकरण 4-** फरियादी जगदीप पिता मयाराम बेलवंशी जाति कतिया उम्र 31 साल निवासी ताप्ती वार्ड मुलताई ने थाने में मौखिक रिपोर्ट किया कि 2 दिसम्बर 2025 को वह रात्रि 10.50 बजे उक्त क्वाटर मे ताला लगाकर ड्यूटी चला गया था। घर मे मेरे अलावा औऱ कोई नही रहता था। दूसरे दिन दिसम्बर 25 को सुबह करीबन 7.10 बजे ड्यूटी से घर वापस आया तो मेरे घर का ताला टूटा हुआ था,कमरे मे मेरा इस्तेमाली लेपटाप एचपी कंपनी का औऱ पर्स रखे हुये थे जो ढुंढने मे नही मिले , पर्स मे मेरा रेल्वे का आईडी कार्ड एवं एटीएम कार्ड रखे थे मेरे लेपटाप की कीमत करीबन 35 हजार रुपए है। जिन्हे कोई अज्ञात व्यक्ति घर मे घुसकर चुराकर ले गया है. उक्त रिपोर्टों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 305( क्ष), 331(4),305(ए) के ।

### मामले पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए

थाना मुलताई क्षेत्रांतर्गत हो रही चोरी की घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुये थाना स्तर पर टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते चोरी की घटनाओ की छानबीन करते आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज एवं सायबर के माध्यम से प्रकरणो मे आरोपी करण उर्फ आलोक उर्फ जय पिता शांतीलाल झारखण्डे उम्र 29 साल निवासी आमाडोह थाना सांईखेडा की रूप मे पहचान कर आरोपी को मुलताई मेले से घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ कर उपरोक्त प्रकरणो मे चोरी गई सम्पत्ति कुल कीमती करीब 4 लाख 7 हजार के बरामद कर आरोपी को सोमवार न्यायालय पेश किया गया । आरोपी साइखेडा थाना का निगरानी बदमाश है। तीन माह पहले ही जमानत से छूटा था आरोपी के कब्जे से एक पल्सर बाइक क्र.एम पी 48 एडब्लू 9186 कीमती 01 लाख 10 हजार, 1 सीडी डिलक्स बाइक क्रमांक एम पी 48 एमडी 3 हजार 5 सौ रुपए कीमती 40 हजार रूपये ,1 सोने की अंगूठी,1 सोने का मंगलसूत्र,1 जोड सोने की झुमकी, 26 नग सोने की गुरिया, 1 जोड चांदी की पायल कीमती 2 लाख 22 हजार ,1 एचपी कंपनी का लैपटॉप कीमती 35हजार रुपए कुल 4लाख 7हजार रूपए का सामान बरामद किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार , सउनि श्रीराम मांडवी , सउनि एम.एल गुप्ता, प्र.आर. गजराज अजनेरिया , प्र.आर. पुष्पा धुर्वे , आर. अरविंद पटेल ,आर.विवेक चौरे, आर. प्रिंस अहिरवार आर. नरेन्द्र कुशवाह , आर. अजय आर. सेवाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही । थाना मुलताई टीम की सफलता के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की ।

# प्रभात पट्टन हायर सेकंडरी स्कूल पुराने विद्यार्थियों ने लिया सेवा का संकल्प, करेंगे कायाकल्प




**मुलताई / जागरण ।** आजादी के आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की कर्म भूमि रहे ग्राम प्रभातपट्टन के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत रहकर वर्ष 1989 में कक्षा बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों ने 36 वर्ष बाद मिलकर पुरानी यादों को साझा किया और एक साथ मिलकर सेवाकार्य करने का संकल्प लिया। रविवार को मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से नगर के एक होटल में आयोजित मिलन कार्यक्रम में सभी ने बीते 36 वर्षों में अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा किए। गौरतलब हैं कि वर्ष 1989 में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इन विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन से उच्च शिक्षा अर्जित की। जिसके चलते वर्तमान में कोई डबल्यूसीएल में उच्च अधिकारी के पद पर तो कोई भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ में उच्च पदों पर सेवा दे रहा है।वही इसी बैच के विद्यार्थी प्रदेश शासन के शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य ,जल संसाधन, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।दूसरी ओर जिन विद्यार्थियों ने स्वतंत्र व्यवसाय का चयन किया था वह भी कृषि, व्यापार ,उद्योग आदि में अपनी सफलता के उच्च शिखर पर पर है। मिलन कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा करते हुए उनकी पढ़ाई के दौरान अध्यापन का दायित्व निभाने वाले शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा पढ़ाने वाले शिक्षक 'वास्तव में अपने-अपने विषय के सूर्य थे। जिनके सान्निध्य मात्र से छात्र का उद्धार हो जाता था। सभी पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। कार्यक्रम में 36 साल के अंतराल के बाद हुए मिलन की खुशियों को केक काटकर साझा किया।साथ ही आने वाले समय में दो से तीन वर्ष में एक बार सामूहिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।वही एकजुट होकर समाज सेवा में योगदान देने का सामूहिक संकल्प लेते हुए सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री, गणवेश स्वेटर आदि का वितरण करते हुए सेवाकार्य का शुभारंभ करने का निर्णय लिया। सहभोज के साथ मिलन कार्यक्रम का समापन किया।

### गौवंश के अवैध परिवहन पर वाहन होंगे राजसात

**करेली ।** पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में गौवंश के अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे मामलों में प्रयुक्त वाहनों को राजसात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौवंश की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में कुल 1.87 करोड़ गौवंश हैंए जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत अवर्णित नस्ल के हैं। राज्यमंत्री पटेल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की बीते दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी स उन्होंने कहा कि पशुपालकों की समृद्धि के लिए पशुओं का नस्ल सुधार एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में हिरण्यगर्भा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पारंपरिक सीमन डोज के स्थान पर सॉर्टेड सेक्सड सीमन के अधिकतम उपयोग के लिए पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है। प्रदेश के दुग्ध उत्पादन में हिस्सेदारी को वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के उद्देश्य से डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत एक हितग्राही एक आवेदन पर एक इकाई ;25 दुधारू पशुद्ध अथवा अधिकतम 8 इकाइयों 200 दुधारू पशुद्ध तक लाभ ले सकेगा।देशी नस्ल गाय की एक इकाई की लागत 36 लाख रुपये तथा संकर नस्ल की गाय एवं भैंस की इकाई की लागत 42 लाख रुपये निर्धारित कीहै।

# अटलजी के स्मृति पर्व में हुआ विकास कार्यो का लोकार्पण



**जागरण गाडरवारा ।** आमगांव छोटा मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव छोटा में आयोजित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मृति पर्व कार्यक्रम एवं विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्यआतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया । केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि विकास कार्यो में कोताही नही बरती जाएगी । मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है । गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास किया जाएगा । इस अक्सर पर क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री से मुलाकात की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नरेश पाठक एपूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक जिला महामंत्री हरगोविंद पटेल एप्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेंद्र डागा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रिचा स्थापक डॉ योगेश कौरव सुश्री अंजू शुक्ला राव संदीप कौरव मोहरकांत पटेल मुकेश मरैया मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल गुर्जर चंद्रकांत शर्मा दिग्विजय सिंह राजपूत नरेश कौरव सुरेश मामोलिया पूर्व मंडल अध्यक्ष कीरत सिंह गुर्जर नीरज पेगवार सचिन अग्रवाल ए मंडल महामंत्री राजेश पटेल राहुल कौरव एवं ग्राम सरपंच प्रसन्न शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता बंधु एवं मातृशक्ति ग्रामवासी उपस्थित रहे।

#### मातृशक्ति को समर्पित रहा प्रतियोगिता का तीसरा दिन

# मंत्री पटेल ने किया राज्य स्तरीय सीनियर बर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगता का शुभारंभ, समर्पण पर जोर



**जागरण नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा राज्य स्तरीय जोनल सीनियर वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तृतीय दिवस का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में किया। यहां प्रदेश स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल के विभिन्न क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों में खेल के प्रति समर्पण का भाव देखा जा रहा है इससे प्रदेश व देश का नाम रोशन होगा। यह खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि आत्मविश्वास नेतृत्व और सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी से यह सिद्ध होता है आज हर क्षेत्र में नारी शक्ति आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश पूर्व राज्यमंत्रीजालम सिंह पटेल सरदार सिंह पटेल रामसनेही पाठक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा आयोजित कीर्तिशेष मणिनागेंद्र सिंह जन्म जयंती सेवा सप्ताह एवं सांस्कृतिकदृखेल महोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिता का तृतीय दिवस पूर्णतः ष्मातृशक्ति दिवस पिंक.डे् के रूप में मनाया गया। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा खेलों के प्रति नारी वर्ग में जागरूकता और सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अश्विनी परांजपे ने की।

इस अवसर पर महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह श्रीमती सुमनलता पटेल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर श्रीमती जनपद अध्यक्ष आरती सतीश पटेल श्रीमती अंजनी दीपक सोनी अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी. कर्मचारी स्व.सहायता समूहों की महिला सदस्यए खिलाड़ी और दर्शक मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय महिला व्हालीबॉल खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय महिला कबड्डी का फाइनल एसकेएमजी गोटेगांव पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के बीच खेला गया। इस मैच में विजेता टीम को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ऋतु जैन एवं सीमा गुप्ता और आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे ने व्यक्त किया।

# शाला स्तर पर जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम में बच्चों ने ही समझाया विज्ञान का महत्व



**जागरण गाडरवारा।** नगर के शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उ मा विद्यालय में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके अलावा विद्यालय स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें जादूगर सहित अन्य कार्यक्रम छात्राओं ने शिक्षक श्रीमती श्वेता सेन के निर्देशन में प्रस्तुत कर संदेश दिया कि आजकल जो अंधविश्वासए जादू टोना प्रदर्शित किया जाता है वह जादू नहीं है बल्कि विज्ञान है। जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रदर्शनी में कन्या नवीन बीटीआई चिरहकला सांगई बगदरा चामचोन बरहटा घूरपुर निवारी आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं के लिए मॉडल निर्माण लघुनाटिका पर्यावरण एकल गीतए सेमिनार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक वर्ग के लिए किया गया। इन प्रतियोगिताओ मे छात्र छात्राओं ने सूर्य ग्रहण चंद्र ग्रहण सौर मंडल कचरा संग्रहण जल संरक्षण गणित के पहाड़ाए जोड़ आदि विषयों पर मॉडल व पोस्टर बनाये। इसके अलावा बाल विवाह सहित अन्य विषयों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की एवं सेमिनार में विद्याथियो ने प्लास्टिक प्रदूषण पर अपने विचार रखे। इस दौरान छात्राओं ने पर्यावरण एकल गीत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम उपरांत सफल छात्र छात्राओं की पोर्टल पर एंट्री की गई।इस दौरान सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरेए जनशिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमति लेखा कौरव ने मॉडल निर्माण वाले बच्चों से उनके माडलों से सबंधित प्रश्न पूछे एवं उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी अपसार खान राजेश गुप्ता के के शर्मा चंद्रकांत साहू सत्यनारायण दुबे आर एन उपाध्याय अमित शुक्ला विक्रम शर्मा मधुसूदन पटैल राजेंद्र गुप्ता प्रमोद ढिमोले सचिन लहरिया अंजुला श्रीवास्तव सत्यवती कौरव स्वाति ढिमोले सीमा कुशवाहा सहित अनेक छात्र छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# कलेक्टर ने पल्सेज खमरिया एवं डोंगरगांव इकाईयो का किया भ्रमण



**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने उद्योग विभाग की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले की मेसर्स गोपाल पल्सेज खमरिया एवं मेसर्स निरंकार इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड डोंगरगांव इकाईयों का शुक्रवार को भ्रमण किया। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नरसिंहपुर महाप्रबंधक पंकज सिंह पटेल एवं सहायक प्रबंधक श्री संदीप गोटिया मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह को इकाई संचालक श्री सुभाष अग्रवाल ने बताया कि मेसर्स गोपाल पल्सेज खमरिया द्वारा मूंगए उड़द व तुअर दालों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण किया जाता है। इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 19208 मैट्रिक टन हैं। इकाई द्वारा प्रदेश एवं विभिन्न राज्यों में उत्पादों का विक्रय किया जाता है। इकाई द्वारा 20 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मेसर्स निरंकार इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड डोंगरगांव का निरीक्षण किया। इकाई के संचालक आशीष सेल्वानी ने कलेक्टर को बताया कि उनकी इकाई द्वारा चना दालए अलसी तेल व सरसों तेल का उत्पादन किया जाता है जो प्रदेश के साथ. साथ अन्य राज्यों में भी भेजा जाता है। इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 9478 मैट्रिक टन हैं। इकाई द्वारा 15 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया हैं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने इकाई संचालकों से आने वाली चुनौतियों एवं श्रमिकों के विषय में भी जानकारी ली।

## न्यूज कार्नर

### सांड के आतंक से राहगीर परेशान

**जागरण, इटारसी।** शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में पिछले दो दिनों से एक सांड का जबरदस्त आतंक बना हुआ है। जो सांड लंबे समय से शहर की गलियों में शांत देखा जाता था, वह अब अचानक हिंसक हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सांड काफी समय से इटारसी में ही घूमता रहा है और पहले कभी हिंसक नहीं था। लेकिन बीते दो दिनों से इसके व्यवहार में आए अचानक बदलाव से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे वह पागल हो गया हो। बाजार आने वाले राहगीर और दुकानदार अब दहशत के साये में काम करने को मजबूर हैं। नागरिकों ने नगरपालिका और प्रशासन से मांग की है कि इस हिंसक पशु को तत्काल पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जागरण, इटारसी।** पथरोटा थाना क्षेत्र के ग्राम आमकचार में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर वहां रखे करीब 39 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी सुनील कुमार 38 वर्ष निवासी आमकछार 25 दिसंबर को किसी काम से परिवार सहित घर से बाहर गए हुए थे। इसी बीच अज्ञात आरोपियों ने सूने घर का फायदा उठाया। जब पीड़ित 27 दिसंबर की शाम घर लौटे, तो उन्हें चोरी का पता चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पथरोटा पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर लिया है।

### पट्टा अधिकार सर्वेक्षण सूची जारी

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। मध्य प्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के तहत किए गए ताजा सर्वेक्षण की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। सर्वेक्षण की सूची तहसील कार्यालय इटारसी और नगर पालिका कार्यालय इटारसी के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को इस सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति है, तो वे इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति स्वीकार करने की अंतिम तिथि 2 जनवरी 2026, शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। सीएमओ ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा 3 जनवरी, शाम 5 बजे के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

### टाइगर वाहिनी का गठन, शिवम अध्यक्ष

**जागरण, इटारसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मंदिरों पर हमलों के विरोध में स्थानीय युवाओं ने एकजुट होकर एक नई शक्ति का सृजन किया है। देवल मंदिर में आयोजित एक चिंतन बैठक में टाइगर वाहिनी नामक युवा संगठन के गठन की घोषणा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष शिवम सेजकर को बनाया गया है। सचिव सौरभ गुप्ता, मार्गदर्शक समिति में जय प्रकाश करिया पटेल, गोपाल सोनी एवं राजकुमार मालवीय रहेंगे। बैठक में अभय चौरे, अनिकेत राजपूत, आशुतोष दीक्षित, मोहित मेहरा सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जल्द ही संगठन की पूर्ण कार्यसमिति का विस्तार किया जाएगा।

# कोहरे की 'सफेद दीवार' में थमी ट्रेनों की रफ्तार, मुसाफिर बेहाल, कारोबार आधा

**उत्तर भारत से आने वाली प्रमुख ट्रेनें 3 से 9 घंटे तक देरी से चलीं या चल रही हैं। ज्यादातर समय प्लेटफार्म सूने हैं, जबकि रेलवे के वेटिंग हॉल में यात्रियों की भीड़ के कारण पैर रखने की जगह नहीं थी, ड्यूटी और ज्वाइनिंग वाले यात्री सबसे ज्यादा परेशान रहे। कोहरे का असर आगामी दिनों में भी रहने वाला है, ऐसे में यात्री घर से निकलने से पहले ट्रेनों की स्थिति पता करके ही निकलें।**

**जागरण, इटारसी**

उत्तर भारत में छाये घने कोहरे ने रेल यातायात की कमर तोड़कर रख दी है। कोहरे की जबरदस्त मार के कारण इटारसी जंक्शन से गुजरने वाली गाड़ियां अपनी तय समय सारिणी से पूरी तरह भटक चुकी हैं।

आलम यह है कि जो ट्रेनें सुबह चाय के वक्त पहुंचनी थीं, वे दोपहर के भोजन के समय स्टेशन पर लग रही हैं। 3 घंटे से लेकर 9 घंटे तक की देरी ने न केवल आम यात्रियों का धैर्य जवाब दे दिया है, बल्कि रेलवे की आय और स्टेशन के कारोबार पर भी ग्रहण लगा दिया है।



### ज्वाइनिंग छूटी, उम्मीदें टूटीं

ट्रेनों की लेट-लतीफी केवल समय की बर्बादी नहीं, बल्कि लोगों के करियर और जरूरी कामों पर भी भारी पड़ रही है। मथुरा से इटारसी आए यात्री दीनदयाल की कहानी इसकी बानगी है। उन्हें आज पिपरिया के डाकघर में ज्वाइनिंग देनी थी। ट्रेन समय पर आती तो वे सुबह ही इटारसी से पिपरिया निकल जाते, लेकिन उनकी ट्रेन दोपहर 3 बजे इटारसी पहुंची। अब शाम को पिपरिया पहुंचने के कारण उनकी आज की ज्वाइनिंग छूट गई। ऐसे सैकड़ों यात्री प्लेटफॉर्म पर अपनी किस्मत को कोसते नजर आ रहे हैं।

### बेस्वाद हुआ खानपान का कारोबार

ट्रेनों की देरी का सबसे सीधा असर स्टेशन के वेंडर्स और स्टॉल संचालकों पर पड़ा है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्टॉल पर मौजूद धरमसिंह बताते हैं, धंधा आधा रह गया। सुबह 8 बजे आने वाली कर्नाटक एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे आ रही है। खाने को बार-बार गर्म रखना पड़ता है, जिससे उसकी गुणवत्ता और लागत दोनों प्रभावित होती है। जब यात्री ही नहीं होंगे, तो बिक्री कहां से होगी? रेलवे के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि वे आधिकारिक तौर पर कुछ बोलने से बच रहे हैं, लेकिन नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि ट्रेनों का पूरा चार्ट बिगड़ चुका है, जिससे प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

### प्रमुख ट्रेनों की स्थिति

उत्तर भारत से आने वाली महत्वपूर्ण गाड़ियां 'हाफ' रही हैं। आज की प्रमुख ट्रेन की देरी इस प्रकार रही।

| ट्रेन नंबर | ट्रेन का नाम | देरी |
|---|---|---|
| 12626 | केरला एक्सप्रेस | 08 घंटे |
| 22692 | बेंगलुरु राजधानी | 07 घंटे |
| 12628 | कर्नाटक एक्सप्रेस | 05 घंटे |
| 11058 | पठानकोट एक्सप्रेस | 05 घंटे |
| 12622 | तमिलनाडु एक्सप्रेस | 05 घंटे |
| 12722 | दक्षिण एक्सप्रेस | 03 घंटे |

### परेशानी

>> **सर्दी का सितम :** खुले प्लेटफॉर्म और वेटिंग हॉल में यात्रियों को कड़कड़ाती ठंड में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

>> **कनेक्टिंग ट्रेनें छूटीं :** लंबी दूरी की ट्रेनों के लेट होने से कई यात्रियों की अगली कनेक्टिंग ट्रेनें छूट गई हैं।

>> **पूछताछ केंद्र पर भीड़ :** ट्रेनों की सही लोकेशन जानने के लिए पूछताछ खिड़की पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

>> **आर्थिक नुकसान :** स्टॉल संचालकों का व्यापार 50 प्रतिशत तक गिर गया है क्योंकि यात्री अब स्टेशन के खाने के बजाय घर से लाया सूखा नाश्ता इस्तेमाल कर रहे हैं।

### गन्ने के पौधे भेंटकर किया अनूठा प्रदर्शन

# युकां ने शिवराज से लेकर मोहन तक साधा निशाना



**जागरण, इटारसी।** कृषि उपज मंडी परिसर में आज उस समय माहौल गरमा गया जब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक बेहद अनूठा और कटाक्षपूर्ण प्रदर्शन किया। किसानों की बदहाली और उपज के सही दाम न मिलने से नाराज युकां नेताओं ने किसानों को गन्ने के पौधे भेंट किए, लेकिन खास बात यह थी कि इन पौधों के नीचे मिट्टी के साथ गुड़ लगे हुए थे। इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के उस कथित बयान पर तंज कसा, जिसमें गन्ने से गुड़ 'बनाने' के बजाय 'उगाने' की बात का संकेत मिला था।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा नेता गौरव गोल्डी चौधरी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने किसानों को केवल गुमराह किया है। पहले शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे, जो किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करते थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब मोहन यादव को थोप दिया गया है, जिन्हें यह तक नहीं पता कि गुड़ बनाया जाता है, उगाया नहीं जाता। चौधरी ने आगे कहा कि आज न तो मक्का का उचित मूल्य मिल रहा है और न ही धान का। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के लिए किसानों से केवल झूठे वादे किए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडी में किसानों के बीच जाकर उनकी जमीनी समस्याएं जानी हैं। जैसवाल ने हुंकार भरते हुए कहा, हम हमेशा से किसानों के साथ थे और आगे भी उनके हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### मंडी परिसर में गूंजे नारे कैंटीन से निकाली रैली

आंदोलन की शुरुआत मंडी परिसर स्थित कैंटीन से हुई। वहां से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में निकले और मुख्य बिक्री शेड के नीचे पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी समस्याओं का इंतजार कर रहे किसानों से मुलाकात की और उन्हें गन्ने के पौधे सौंपे।

## कई स्कूलों का भ्रमण कर छात्राओं को दी प्रवेश एवं योजनाओं की जानकारी

**जागरण, इटारसी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा सघन कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा के मार्गदर्शन एवं अभियान प्रभारी डॉ. शिरीष परसाई के नेतृत्व में प्राध्यापकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक पात्र छात्रा को उच्च शिक्षा से जोड़ना महाविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है, ताकि कोई भी छात्रा जानकारी के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। वहीं अभियान प्रभारी डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छात्राओं को विषय चयन के व्यापक अवसर प्राप्त हुए हैं।

अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क दल ने शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी, कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा तथा शासकीय संदीपनी कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवारखेड़ा, शासकीय शहीद इंदर गिरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्हें प्रवेश एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।

# शिव नाम के जयकारों से गूंजी जमानी वालों की चाल

**जागरण, इटारसी।** वार्ड क्रमांक 22, जमानी वालों की चाल में श्रद्धा और भक्ति की जो अविरल धारा बह रही थी, उसका समापन हुआ। सरस्वती सेवा समिति एवं गृहलक्ष्मी महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीशिवपुराण कथा के अंतिम दिन पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न हुए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

कथा के अंतिम दिन व्यास पीठ से पंडित देवेंद्र दुबे ने शिव महिमा, वैराग्य और मोक्ष प्राप्ति के प्रसंगों का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव पुराण का मूल संदेश देते हुए कहा शिव पुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह हमें अहंकार और क्रोध का त्याग कर सत्य, करुणा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

समापन के अवसर पर विधि-विधान से हवन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक कर नगर, समाज और विश्व कल्याण की मंगल कामना की गई। कथा की समाप्ति के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति ने कथा को सफल बनाने के लिए कथावाचक, वाद्ययंत्र वादकों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विहिप की मातृशक्ति ने किया कथावाचक का सम्मान



विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की सदस्यों ने जमानी वालों की चाल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की। विहिप मातृशक्ति की बहनों ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा व्यास पं. देवेंद्र दुबे के मुखारविंद से शिव महिमा का श्रवण किया। इस दौरान संगठन की ओर से कथावाचक का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। कथावाचक के स्वागत और सत्कार के दौरान नगर संयोजिका अनीता तिवारी, सह संयोजिका आरती मालवीय, सत्संग प्रमुख अर्चना सातपुते, सीमा भदौरिया, मीरा तिवारी, सुमन चौहान, पार्वती पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### ठंड का अटैक : नपा ने जलाए अलाव

**जागरण, इटारसी।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने इटारसी में ठिठुरन बढ़ा दी है। तापमान में आई भारी गिरावट और कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। राहगीरों और बेसहारा लोगों को राहत देने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की गई है। हालांकि, ठंड की तीव्रता इतनी अधिक है कि सरकारी प्रयासों के साथ-साथ लोग अब स्वयं भी लकड़ियां जुटाकर गलियों में अलाव तापते नजर आ रहे हैं।

नगर पालिका द्वारा शहर के उन संवेदनशील स्थानों को प्राथमिकता दी गई है, जहां रात के समय लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। नपा प्रशासन के अनुसार मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रैन बसेरा के पास यहां रुकने वाले मुसाफिरों और राहगीरों के लिए अलाव सबसे बड़ा सहारा बना है।

जयस्तंभ चौक व तुलसी चौक जैसे शहर के इन मुख्य केंद्रों पर देर रात तक रुकने वाले राहगीरों के लिए व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड पर लंबी दूरी की बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था राहत प्रदान कर रही है। मौसम विभाग और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार, आने वाले 48 घंटों में ठंड के और तीखे होने के आसार हैं। कोहरे और शीतलहर के चलते रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# वार्ड 26 में समस्याओं का अंबार, लापरवाही पर मुकद्दम का वेतन काटने के निर्देश

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद द्वारा जन समस्याओं के मौके पर निराकरण के लिए शुरू किए गए जहां नागरिक, वहीं नगर पालिका अभियान के तहत सोमवार को वार्ड क्रमांक 26 नाला मोहल्ला में शिविर लगाया गया। शिविर में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, वार्ड पार्षद कुंदन गौर और सीएमओ ऋतु मेहरा ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

शिविर के दौरान टपरिया मोहल्ले में कच्ची नाली की सफाई न होने पर नागरिकों ने भारी आक्रोश व्यक्त किया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए अध्यक्ष पंकज चौरे ने संबंधित क्षेत्र के मुकदम का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सफाई कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। नागरिकों ने शिकायत की कि टपरिया मोहल्ले में रात 8 से 11 बजे के बीच असामाजिक तत्व नशाखोरी और उपद्रव करते हैं। अध्यक्ष ने इस मामले में पुलिस गश्त बढ़वाने का आश्वासन दिया। शिविर में सीसी रोड, आरसीसी पुलिया और नाली निर्माण के लिए आमिर अंसारी, यूनुस खान और सबीना बी सहित कई वार्डवासियों ने आवेदन दिए। मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग भी उठी। बसंती बाई और शंकर उइके ने पेंशन न मिलने तथा दौलत प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित होने की बात कही, जिस पर अध्यक्ष ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं को जनता के द्वार तक पहुंचाना है। हम कोशिश कर रहे हैं कि नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी समस्याओं का मौके पर ही अंत हो।

# सावधान! नए साल के जश्न में किया हुड़दंग तो रद्द होगा ड्राइविंग लाइसेंस

**जागरण, इटारसी।** नव वर्ष 2026 के स्वागत के जश्न में खलल डालने वाले उपद्रवियों और नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ नर्मदापुरम पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक साईं एस थोटा के निर्देश पर जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जश्न के नाम पर सड़कों पर अश्लीलता, हुड़दंग या यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

जिसके तहत बीच सड़क पर खड़े होकर केक काटने या मार्ग अवरुद्ध करने पर प्रतिबंध रहेगा। चलते वाहन की छत या बोनट से बाहर निकलकर नाचना, वीडियो बनाना या रील बनाना भारी पड़ सकता है। ट्रिपल राइडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, बिना लाइसेंस ड्राइविंग और मोडिफाइड साइलेंसर (पटाखा छोड़ने वाले) पर सख्त एक्शन होगा। अत्यधिक शोर और सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों का न केवल चालान बनेगा, बल्कि उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की प्रक्रिया भी तत्काल शुरू की जाएगी।

### नए साल से बदल जाएगा रेलवे का नियम

**जागरण, इटारसी।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। 1 जनवरी से ट्रेनों का पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन छूटने के 10 घंटे पहले तैयार हो जाएगा।

इस नई व्यवस्था से उन यात्रियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा जो वेटिंग लिस्ट में होने के कारण यात्रा को लेकर असमंजस में रहते हैं। सुबह 05:01 से दोपहर 2 बजे तक की ट्रेनें का चार्ट पिछले दिन रात 8 बजे ही तैयार हो जाएगा। वहीं दोपहर 2 से रात के बीच की ट्रेनें का चार्ट ट्रेन छूटने से कम से कम 10 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

# स्किल्स से सजेगा भविष्य, आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**जागरण, इटारसी।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आज भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में स्वरोजगार के नए द्वार खुले। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अल्पावधि स्वरोजगार ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण शिविर में इटारसी के ब्यूटी पार्लर की संचालिका डॉली चंद्रवंशी मुख्य प्रशिक्षक के रूप में विद्यार्थियों को सौंदर्य निखारने और इस क्षेत्र में व्यावसायिक बारीकियों की शिक्षा दे रही हैं। महाविद्यालय में कौशल उन्नयन का यह सिलसिला थमा नहीं है, इससे पूर्व 22 दिसंबर से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण भी संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. हिमांशु चौरसिया, कामधेनु पटोदिया, सुश्री जोशलिन कुजूर, सतीश पाली, डॉ. महेन्द्र सिंह, आयुष कुमार सादराम, डॉ. प्रवीण कुशवाह, डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज, नीरज बिदुआ, रेखा बिदुआ, तनिषा साहू और शकुन भलावी उपस्थित रहे।

### 25 दिनों में तैयार होंगे भविष्य के उद्यमी

यह 25 दिवसीय दोहरा प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के संरक्षण एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती संध्या उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में संपन्न हो रहा है। प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने अपने संबोधन में कहा, आज के दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल ही असली शक्ति है। ब्यूटी पार्लर और व्यक्तित्व विकास जैसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को न केवल आत्मविश्वास देंगे, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में भी मदद करेंगे।

### तीन दिन तक नहीं होगा भावांतर सोयाबीन विक्रय

**जागरण, इटारसी।** कृषि उपज मंडी समिति इटारसी ने किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। भावांतर योजना से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल का मेंटेनेंस कार्य होने के कारण 30 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक तीन दिन सोयाबीन का भावांतर पंजीयन के अंतर्गत क्रय-विक्रय बंद रहेगा। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की है कि वे उक्त तीन दिनों की अवधि में भावांतर पंजीयन के तहत अपनी सोयाबीन की फसल मंडी में न लाएं। हालांकि, राहत की बात यह है कि गैर-भावांतर श्रेणी की सोयाबीन और अन्य सभी कृषि उपजों की नीलामी जारी रहेगी।

**क्रिकेट** | आचार्य चाणक्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मैदान पर दिखा सर्वधर्म सद्भाव का रोमांच

# अखंड भारत और हैदरी क्लब ने दर्ज की बड़ी जीत

**जागरण, इटारसी।** चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा स्थानीय गांधी मैदान पर आयोजित आचार्य चाणक्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की झड़ी लगी रही। टूर्नामेंट के जरिए न केवल खेल प्रतिभाएं निखर रही हैं, बल्कि शहर में आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश भी गूंज रहा है। मैदान पर सुबह से ही खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर था। दिनभर में 8 मैच हुए।



### खेल के जरिए सामाजिक एकता का संदेश

टूर्नामेंट के संयोजक पंडित जितेंद्र ओझा ने अतिथियों के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाला एक ऐसा मंच है जहां सर्वधर्म सद्भाव की भावना को खेल के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में स्कोरर शान अली व अल्लू जोशी, कमेंटेटर राकेश पाण्डेय और अंपायर वसीम खान, कुलदीप, संदीप नामदेव, अतुल राठौर, राकेश दुबे, भानु जोशी एवं विवेक दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इस प्रकार रहे मैच के नतीजे

>> **पहला मैच :** संत शिरोमणि क्लब ने महावीर क्लब को हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

>> **दूसरा मैच :** भारतीय क्लब ने एनजीएल क्लब के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की।

**तीसरा मैच :** बिरसा मुंडा क्लब ने वाल्मीकि क्लब को पटखनी देते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

>> **चौथा मैच :** वंशकार बंधु क्लब ने भारत क्लब पर रोमांचक जीत हासिल की।

>> **पांचवा मैच बड़ी जीत :** अखंड भारत निर्माता टीम ने इंडियन टाइगर क्लब को 58 रनों के भारी अंतर से शिकस्त दी।

>> **छठवां मैच :** इंडियन हैदरी क्लब ने मिनेश क्लब को 26 रनों से हराकर जीत का परचम लहराया।

### नल-जल योजनाओं का किया निरीक्षण

**जागरण, इटारसी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय है। इसी कड़ी में हाल ही में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी, नीलेश कुमार शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला, सुमन खातरकर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ केसला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने ग्राम कोतमीमाल और नयागांव का दौरा कर वहां संचालित नल-जल योजनाओं और जल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। निरीक्षण दल में सहायक यंत्री अनिल कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय प्रभारी उपयंत्री अभिनय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# देशभक्ति और डिजिटल इंडिया की थीम पर विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग

**जागरण, इटारसी।** पुरानी इटारसी स्थित टीआरएम स्कूल का 29 वां वार्षिकोत्सव शहर के ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास से हुआ। शुभारंभ स्कूल बैंड की शानदार प्रस्तुति के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पार्षद दिलीप गोस्वामी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव और समाजसेवी मनीष ठाकुर उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती पर विशेष प्रस्तुति दी गई। सामयिक विषयों में 'डिजिटल इंडिया' की प्रगति और 'अहमदाबाद विमान दुर्घटना' जैसे संवेदनशील विषयों पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का मंचन हुआ। मुख्य आकर्षण बैंड डिस्प्ले, तबला एवं कांगो वादन के साथ-साथ ताइक्वांडो के साहसिक प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आगामी सत्र 2026 के लिए स्कूल की मंत्रिपरिषद का गठन भी किया गया, जिसमें छात्र-नेताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम का समापन मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

